संख्या-308/2021/सा02849/23-1-2021-24सा0/20टीसी2

प्रेषक,

राज कुमार,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 लखनऊः: दिनांक 26 नवम्बर, 2021

विषय- जनपद उन्नाव में उन्नाव-हरदोई मार्ग के माथर से टाउन एरिया ऊगू को जाने वाले मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु मार्ग के स्वामित्व का हस्तान्तरण लोक निर्माण विभाग में किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-971/32रो0ए0मै0खं0/21, दिनांक 01.11.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद उन्नाव में उन्नाव-हरदोई मार्ग के माथर से टाउन एरिया ऊगू को जाने वाले मार्ग को जिला पंचायत, उन्नाव से लोक निर्माण विभाग में हस्तान्तरित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त उत्तर प्रदेश ग्राम सम्पर्क मार्ग अनुरक्षण नीति, 2013 के प्रस्तर-3(3) के प्राविधानानुसार जनपद उन्नाव में उन्नाव-हरदोई मार्ग के माथर से टाउन एरिया ऊगू को जाने वाले मार्ग(लम्बाई-2300 मी0) के स्वामित्व का हस्तांतरण लोक निर्माण विभाग में किये जाने की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है। कृपया उपर्युक्तानुसार अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

संख्या-308/2021/सा02849(1)/23-1-21-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
3. नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ/उन्नाव।
4. प्रमुख अभियंता(ग्रामीण सड़क)/मुख्य अभियंता(मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
6. मुख्य अभियंता, मध्य क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7. अधिशासी अभियंता, नि0खं0-1, लोक निर्माण विभाग, उन्नाव।

आज्ञा से,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in